गणतंत्र दिवस समारोह 2021

"होठों पर सच्चाई रहती है ,जहाँ दिल में सफाई रहती है ,हम उस देश के वासी हैं ,जिस देश में गंगा बहती है।"

जी हाँ इन्हीं भावनाओं के साथ दिनांक 26 –01– 2021 को सेंट मोंटफोर्ट विद्यालय भोपाल में 72 वॉ गणतंत्र दिवस बड़े ही जोश एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

कोविड–19 इस महामारी के कारण छात्र विद्यालय में उपस्थित नहीं हो सके किंतु यूट्यूब के माध्यम से ऑनलाइन वे इस कार्यक्रम का आनंद ले सके।

गणतंत्र दिवस का यह समारोह ध्वजारोहण के साथ प्रारंभ हुआ, सर्वप्रथम प्राचार्य जी ने ध्वज को फहराते हुए तिरंगे झंडे को सलामी दी साथ ही राष्ट्रगान के आग़ाज़ से कार्यक्रम आगे बढ़ा।

इसी क्रम में प्राथमिक विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा देशभक्ति गीत की सुंदर प्रस्तुति दी गई, जिसे श्री बसंत सर द्वारा स्वर वद्ध किया गया।इसके पश्चात प्राथमिक विभाग की शिक्षिकाओं ने सुंदर नृत्य की छटा बिखेरी जिससे वातावरण देशभक्ति की सरिता में सराबोर हो गया इस सुंदर अभिव्यक्ति के पश्चात हिंदी माध्यम की शिक्षकाओं द्वारा अति सुंदर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें भारत माता के कर्मठ सपूतों का योगदान दर्शाया गया । प्रांगण में तालियों की धूम मच गई।

इसी खुशी की लहर के साथ सीनियर विभाग की शिक्षिकाओं द्वारा मधुरम सा सामूहिक देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया गया जिसके बोल थे छोड़ो कल की बातें कल की बात पुरानी————

गीत को संपूर्ण स्वरूप एवं स्वर ताल से श्री समर्पित सर जी ने सजाया ।

इसी क्रम में सीनियर विभाग के शिक्षक एवं शिक्षिकाओं द्वारा अति सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया जिसे श्री अजय सर द्वारा ताल वद्ध किया गया।इस अद्भुत एवं बहुत ही सुंदर प्रस्तुति के पश्चात प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के. के. द्वारा अपने संबोधन में देश के प्रति समर्पण और निष्ठावान रहने की प्रेरणा दी गई। अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए,साथ ही अपने देश के प्रति ईमानदारी एवं सच्चाई का व्यवहार करना चाहिए ऐसी समर्पित भावनाओं का शुभ संदेश दिया गया।

साथ ही **Education Today** द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में भोपाल के सभी स्कूलों में सेंट मोंटर्फोट विद्यालय पटेल नगर भोपाल को प्रथम पुरूस्कार द्वारा पुरूस्कृत किया गया। यह सूचना ज्योति नायर मैडम द्वारा पाते ही खुशी की लहर दौड़ गई ।

इसी के साथ अंतर्विद्‌यालयीन प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरूस्कृत किया गया।

अंत में ज्योति नायर मैडम के द्वारा धन्यवाद के साथ कार्यक्रम का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन मीना शर्मा एवं रूपेंदर मैडम के द्वारा किया गया ।

प्रांगण भारत माता के जय–जयकारों से गूंज उठा।

देशभक्ति के नारों एवं राष्ट्रगान के साथ पूर्ण उल्लास से कार्यक्रम का समापन किया गया।

जय हिंद ,जय भारत।